# पर्यावरण जन-जागृति दौड़ का आयोजन

## चर्चा में क्यों?

5 जून, 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं अन्य विभागों के सहयोग से सुबह अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग से पर्यावरण जन-जागृति दौड़ का आयोजन किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2022 की थीम 'ऑन्ली वन अर्थ' **(Only One Earth)** रखी गई।
- इस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा विशेष थीम 'सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध' रखी गई तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।
- इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने 'स्टेट क्लाइमेट चेंज एक्शन प्लान' का विमोचन किया। यह एक्शन प्लान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बजट घोषणा की अनुपालना में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा आईआईटी मुंबई के सयुंक्त अनुबंध में बनाया गया है।
- इसके अलावा वायु गुणवत्ता निगरानी हेतु प्रयुक्त मोबाइल वैन, ई-वेस्ट संग्रहण हेतु प्रयुक्त वाहनों तथा पर्यावरण जन-जागृति हेतु 'रन फॉर एनवायरनमेंट' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- यह मोबाइल वैन चलती-फिरती प्रयोगशाला के रूप में कार्यरत होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर इन्हें विभिन्न स्थानों पर अस्थाई रूप से कुछ दिनों के लिये संचालित कर वहाँ की वायु गुणवत्ता का मापन किया जा सकेगा।
- विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान सरकार तथा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा **Attero** रिसाइक्लिंग के सहयोग से डोर-टू-डोर ई-वेस्ट संग्रहण हेतु जागरुकता अभियान चलाकर ई-वेस्ट के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाएगा। **Attero** द्वारा जयपुर शहर में डोर-टू-डोर जाकर ई-वेस्ट एकत्रित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/environment-mass-awakening-race-organized